आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अख़बार

दैनिक भास्कर

कुल पृष्ठ 16 | राजस्थान | मूल्य ₹ 5.00

DainikBhaskar.com | झुंझुनूं | गुरुवार, 30 जून, 2022 | 12 राज्य | 61 संस्करण

शेखावाटी भास्कर

झुंझुनूं | गुरुवार, 30 जून, 2022 | झुंझुनूं • चिड़ावा • खेतड़ी • मुकुंदगढ़ • नवलगढ़ • उदयपुरवाटी | dainikbhaskar.com

सीरी में सामरिक एवं सामाजिक उद्देश्यों के लिए विकसित प्रौद्योगिकियों से संबंधित कार्यक्रम हुआ

भास्कर न्यूज़ | पिलानी

स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में देशभर में मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की शृंखला के अंतर्गत राजस्थान राज्य के पिलानी क्षेत्र में स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला सीएसआईआर-सीरी में 'आई-कनेक्ट34' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एयरोस्पेस, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा इंस्ट्रूमेंटेशन एवंस्ट्रेटेजिक सेक्टर थीम के अंतर्गत सामरिक एवं सामाजिक उद्देश्यों के लिए विकसित प्रौद्योगिकियों से संबंधित ऑन लाइन कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. पी सी पंचारिया ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसएसपीएल-डीआरडीओ, नई दिल्ली की निदेशक डॉ सीमा विनायक उपस्थित थीं। अध्यक्षता करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. पी सी पंचारिया ने अतिथियों एवं वक्ताओं का स्वागत किया। उन्होंने आई-कनेक्ट संकल्पना की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन उद्योग जगत सहित नए स्टार्ट अप्स, एमएसएमई आदि के बीच संपर्क स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

पिलानी. कार्यक्रम में उपस्थित वैज्ञानिक।

विशिष्ट अतिथि डॉ. सीमा विनायक, निदेशक, एसएसपीएल-डीआरडीओ, नई दिल्ली ने माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज फॉर डिफेंस एप्लीकेशंस विषय पर आमंत्रित व्याख्यान भी दिया। डॉ. सीमा विनायक ने वैज्ञानिकों द्वारा प्रतिरक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता के लिए किए जा रही गतिविधियों पर जानकारी दी। सीएसआईआर मुख्यालय के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. देवेन्द्र सिंह ने सीएसआईआर की स्थापना के उद्देश्यों की जानकारी दी। सीरी के डॉ. अयन बंद्योपाध्याय ने हाईपावर माइक्रोवेव एंडटेराहर्ट्ज डिवाइसेज एंड टेक्नोलॉजीज; डॉ. सुचंदन पाल, मुख्य वैज्ञानिक ने सेमिकंडक्टर डिवाइसेज एंड टेक्नोलॉजीज; डॉ. संजय सिंह, प्रधान वैज्ञानिक ने एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्स तथा सीएमईआरआई, दुर्गापुर की मुख्य वैज्ञानिक डॉअंजलि चटर्जी ने टेक्नोलॉजीज फॉर सोसाइटी विषयों पर प्रस्तुतिकरण दिए। तकनीकी सत्र के अंत में संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विजय चटर्जी ने ओवरव्यू ऑन टेक्नोलॉजीज पर डॉक्युमेन्ट्री प्रस्तुत की। परिचर्चा में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के उपाध्यक्ष श्री सुरेश बारोथ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बैंगलूरु के उप-महाप्रबंधक श्री रंजय लाहा, राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त निदेशक एवं सीईओ श्री पी आर शर्मा, मेसर्स पैनेशिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक श्री जी वी सुब्रह्मण्यम, सहस्र ग्रुप ऑफ कंपनीज के अध्यक्ष श्री अमृत मनवानी, टेक्नोलॉजी डेवलपमेन्ट बोर्ड, भारत सरकार के वैज्ञानिक एफ श्री नवनीत कौशिक तथा राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रुमेन्ट्स लि. (रील), जयपुर के अपर महाप्रबंधक नीरज सक्सेना ने विचार व्यक्त किए। संचालन प्रमोद तंवर ने किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रवीन्द्र मुखिया और जयपुर केंद्र के प्रभारी वैज्ञानिक साई कृष्णा ने स्वागत किया। डॉ अभिजीत ने आभार जताया।